तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार, 19 अक्टूबर, 2025

## ग्रीन दिवाली मनाने का दिया संदेश



कुरुक्षेत्र। भगवान परशु राम कॉलेज के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा सेक्टर-5 और सेक्टर-7 में आओ मिलकर मनाएं ग्रीन दिवाली थीम पर एक प्रभावशाली जागरूकता रैली निकाली गई।




परिवादी बोली आरोपियों ने न यूके भेजा न ही पैसे वापिस किए, अब पुलिस कर रही है जांच तीन पर केस दर्ज

# यूके भेजने का लालच देकर परिवार से 40 लाख हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

यूके भेजने के नाम पर कैलाश नगर के गुरप्रीत कौर उर्फ लाडी व उनके परिवार से 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। बलदेव नगर थाना पुलिस ने लाडी की शिकायत पर सुमन बत्रा, जगमोहन बत्रा व कुलबीर सिंह पर धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गुरप्रीत कौर उर्फ लाडी ने बताया कि आरोपियों ने यूके भेजने, पासपोर्ट, हवाई टिकट एवं नौकरी उपलब्ध कराने का झांसा देकर रुपये हड़पे। उसने बताया कि वह सुमन बत्रा को पिछले 10-11 साल से जानती है।मार्च 2023 में सुमन बत्रा ने दो लाख रुपये नकद उधार लिए और कहा कि वह एक महीने में यह राशि लौटा देगी। उसने यह राशि अपने किसी परिवारिक कार्य के लिए मांगी थी लेकिन उसने यह राशि उसे वापस नहीं की, बल्कि हर बार बहाने बनाती रही। बाद में सुमन बत्रा ने कुलबीर सिंह से मिलाया जिसने विदेश भेजने का झांसा दिया। वह पति प्रभजीत सिंह सहित दो बच्चों यानी पूरे परिवार को यूके भेज सकते हैं। 55 लाख में बात हुई थी। 31 मई 2023 को आरोपियों को 23 लाख नकद दिए। आरोपियों ने 40 लाख हड़प लिए। आरोपियों ने बाद में रुपये भी नहीं दिए और विदेश भी नहीं भेजा। अब पुलिस आरोपियों को तलाश कर रही है।

### रूस की जगह भेजा कंबोडिया

रूस की जगह युवक को कंबोडिया भेजकर 8.30 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने सौरभ, मोहित, सत्यजीत व बृजेश नायर पर धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शिवपुरी कॉलोनी की गीता रानी ने बताया कि बेटे मनीष को यूरोप के लातविया भेजने के लिए आरोपियों से फाइल लगवाई थी। यह फाइल सौरभ, मोहित, सत्यजीत, बृजेश नायर आदि के जरिये लगवाई थी। आरोपियों ने पुत्र को काम लगवाने के नाम पर यूरोप भेजना था लेकिन नहीं भेजा। बाद में रुस से यूरोप भेजने के लिए पैसे लिए। सात जून को आरोपियों ने बेटे को पांच दिन दिल्ली में रखकर नेपाल के रास्ते काठमांडू में कंबोडिया भेज दिया। पुत्र पर दबाव बनाया की अपने घर पर बोलना की रुस पहुंच गए है। वहां जाने के बाद बेटे से पासपोर्ट भी छीन लिए। बाद में फोन कर किसी न किसी बहाने से पैसे लेते रहे। अभी तक वह 7.10 हजार रुपये की नकदी व 1 लाख 20 हजार 780 रुपये ऑनलाइन दे चुके हैं। दो महीने रखने के बाद भी रुस की थाईलैंड भेजने के नाम पर 30 हजार रुपये मांगे तो हमने बेटे को वापस बुला लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## धनतेरस पर बाजारों में लोगों ने खरीदारी की

**शाहबाद।** धनतेरस के मौके पर नगर के सभी बाजारों में लोगों ने जमकर खरीदारी की। धनतेरस के मौके पर बर्तनों के खरीदारी का विशेष महत्व है। धनतेरस के मौके पर लोगों ने ज्वेलर्स की दुकान से सोने और चांदी के जेवर सिक्के की भी खरीदारी की। यहां एक तरफ सोने और चांदी के भाव आसमान को छू रहे हैं फिर भी लोगों में सोने चांदी के जेवर खरीदने का बहुत महत्व देखा गया। लोगों में जेवर खरीदने का इतना लगाव देखा गया।

## कुरुक्षेत्र में छुट्टी के दिन 186 परिवारों की करवाई रजिस्ट्री: डीसी

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीपावली के धनतेरस त्योहार पर प्लाट धारकों को रजिस्ट्री करवाई गई। शनिवार को गांव सिरसला, पिपली, मेहरा के 186 परिवारों की रजिस्ट्री करवाई गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत प्लाट आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर सभी तहसीलों को खोलते हुए मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के पात्रों की रजिस्ट्री करवाई गई है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने धनतेरस पर जिले के परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट की रजिस्ट्री के तौर पर देवी लक्ष्मी का आगमन मिला है। मुख्यमंत्री के आदेश पर शनिवार को छुट्द्टी के बावजूद तहसीलों को खोलकर रजिस्ट्री करवाने का काम किया गया।




करनाल में बोले केंद्रीय मंत्री

# दो माह तक पटेल जयंती पर होंगे एकता कार्यक्रम



■ 31 दिसंबर तक चलेगा अभियान: मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि देश में राष्ट्रीय एकता को और मजबूत करने के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन (31 अक्तूबर) के उपलक्ष में 2 महीने तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।करनाल के कर्णकमल कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 25, 26 और 27 अक्तूबर को गांवों और शहरों में 8 से 10 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली जाएगी। 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर 'रन फॉर यूनिटी' आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में अनेक अभियान चलाए, जो सफल रहे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली सहित अन्य त्योहारों की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने प्रदेश सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मंत्रियों व प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर हरियाणा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल, विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, इंद्री के विधायक एवं चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृज गुप्ता, केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक भंडारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा, त्रिलोचन सिंह, भाजपा जिला महामंत्री मानव पुरी, सुभाष कश्यप, जिला मीडिया प्रमुख डॉ अशोक कुमार, कार्यालय प्रमुख मदन गुर्जर, सह प्रमुख प्रमोद नागपाल व अन्य मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### पुलिस टीम ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने शहर के बाड़ी माजरा पुल के पास से एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी की बाइक को बेचने के लिए उत्तर प्रदेश बेचने के लिए जा रहा था। पुलिस ने चोरी की बाइक को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी एक युवक चोरी की बाइक को बेचने के लिए बाडी माजरा पुल से होता हुआ जाएगा।

### अलग-अलग स्थानों से बिजली के तार चोरी

**यमुनानगर।** जिले में चोरों ने अलग-अलग दो स्थानों से लाखों रुपये की बिजली की तारें चोरी कर ली। यूएचबीवीएन सरस्वती नगर के एसडीओ वेदक कुमार ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि चोरों ने गांव अकबरपुर में एक किसान के खेतों से बिजली की तारें चोरी कर ली है। उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की तो जांच के दौरान गांव अकबरपुर में फूल सिंह के ट्यूबवेल से बिजली की तारें गायब मिली। उसने बताया कि चोरी हुए तारों की कीमत करीब 67 हजार रुपये है।

### शादी का झांसा देकर दो लड़कियों को किया अगवा

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर दो नाबालिग लड़कियों को शादी का झांसा देकर अगवा कर लिया गया। पुलिस ने एक मामले में आरोपी युवक को नामजद किया है जबकि दूसरे मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 अक्टूबर को सुबह नौ बजे उसकी 17 वर्षीय लड़की घर से किसी काम से बाहर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी।

### महात्मा आनंद स्वामी के गुणों का किया वर्णन

**रादौर।** रादौर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को आनंद पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के तहत वैदिक धर्म के प्रचारक व स्वामी दयानन्द के अनन्य भक्त महात्मा आनंद स्वामी के जीवन संदेश, देश सेवा, वेद प्रचार व चरित्र निर्माण को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर भजनोपदेशक जसविंदर आर्य व जगदीश आर्य ने भजनों के माध्यम से महात्मा आनंद स्वामी गुणों का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपने तप, त्याग व कर्म से समाज में वैदिक विचारधारा की ज्योति प्रज्ज्वलित की।

### घर में घुसकर 10 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म

**यमुनानगर।** फरकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने घर में घुसकर 10 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। घटना के समय परिवार के सदस्य बाहर गए थे। वापस लौटने पर बच्ची ने घटना के बारे में बताया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। फरकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार शाम को पांच बजे वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। घर पर उसकी 10 वर्षीय लड़की अकेली थी।

### 25 छात्राओं का इंफोसिस कंपनी में हुआ चयन

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के 25 छात्राओं का चयन इंफोसिस कंपनी में हुआ है। छात्राओं का यह चयन ऑन कैंपस भर्ती प्रक्रिया के बाद हुआ। जिसमें एप्टीट्यूड टेस्ट, टेक्निकल असेसमेंट, कोडिंग राउंड व एचआर इंटरव्यू शामिल थे। जेएमआईटी के डायरेक्टर डॉ. एसके गर्ग ने चयनियत विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जेएमआईटी परिवार के लिए गौरव और खुशी का पल है। यह उपलब्धि प्लेसमेंट सीजन की शानदार शुरुआत को दर्शाती है।

## धूमधाम से मनाया धनतेरस का त्योहार, लोगों में दिखा उत्साह

# शुभ मुहूर्त में खरीदी चांदी हटड़ी और गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां

**ज्वेलर्स की दुकानों पर शुभ मुहूर्त में ग्राहकों ने पहुंचकर की खरीदारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

धनतेरस का पर्व शनिवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। धनतेरस के पर्व पर ग्राहकों ने ज्वैलर्स की दुकानों पर पहुंचकर शुभमूर्हत में चांदी की हटड़ी समेत गणेश व मां लक्ष्मी की मूर्तियों से छपे चांदी के सिक्कों को खरीदा। खास बात यह रही कि कई ग्राहकों ने ज्यूलर्स के शोरूमों पर जाकर मां लक्ष्मी की मूर्तियों से बने गिलास, दीपक व अन्य सामान खरीदा। किसी ने बर्तन खरीदे, किसी ने गहने, तो किसी ने धनतेरस की परंपरा के अनुसार झाड़ू लेकर घर की सफाई और शुभ शुरुआत की। सोशल मीडिया और ज्योतिषीय कार्यक्रमों में दिखाए गए 'धन आकर्षण के अचूक उपायों' ने इस बार लोगों पर गहरा असर डाला। उधर, प्रदेश के सभी जिलों में हर तरफ झाड़ू की खरीदारी को लेकर उत्साह देखने को मिला और करोड़ों रुपये का झाड़ू कारोबार हुआ। ज्योतिषाचार्य पंडित यशपाल ने बताया कि धनतेरस पर श्रद्धालु शुभ मूहुर्त में पूजा अर्चना करने के लिए ज्वेलर्स की दुकानों पर पहुंचकर चांदी की हटड़ी व गणेश की मूर्तियों समेत अन्य सामान की खरीददारी करते हैं। जिनसे वह शुभ मूहुर्त में पूजा अर्चना करके अपने घरों में पूरा वर्ष खुशहाली व समृद्धि की कामना करते हैं। उन्होंने बताया कि धनतेरस पर पूजा अर्चना करने का विशेष महत्व है। इस पर्व पर शुभ मूहुर्त में पूजा अर्चना करने से वर्ष भर सुख समृद्धि का वास रहता है। ज्योतिषाचार्य पंडित यशपाल ने बताया कि लोग धनतेरस पर चांदी, तांबा, सोना समेत अन्य धातुओं से बने सामान को खरीदकर अपने घरों में बनाए पूजास्थल में रखते हैं। दीपावली पर्व पर पूजा करने के बाद धनतेरह पर खरीदे गए सामान को धारण करने अथवा प्रयोग करने का विधान है।





यमुनानगर। ज्यूलर्स की दुकान पर धनतेरस पर चांदी के सिक्के खरीदते ग्राहक। दुकान से झाड़ू खरीदते लोग फोटो : हरिभूमि

### सदियों से चांदी के सिक्के खरीदने की परंपरा

शहर के तेजली के स्वर्णकार मोहित वर्मा व मॉडल टाउन से सुधीर वर्मा आदि ने बताया कि धनतेरस पर सदियों से चांदी के सिक्के खरीदने की परंपरा है। इसलिए धनतेरस पर्व पर लोगों ने चांदी के सिक्के समेत देवी देवताओं की मूर्तियां खरीदी। हालांकि कुछ लोगों ने अपनी हैसियत के वजन अनुसार सोने की गिन्नी भी खरीदी। उनका कहना है कि धनतेरस पर्व पर कुछ ग्राहक ऐसे भी रहे जिन्होंने शनिवार को दिन में ही सामान खरीदा है। जबकि अधिकांश ग्राहक धनतेरस के शुभमूर्हत पर शाम को ही उनकी दुकानों पर पहुंचे और विभिन्न धातुओं से बनी वस्तुओं को खरीदा।

## बाजारों में रौनक बढ़ी

# स्वदेशी एलइडी लड़ियां बनीं ग्राहकों की पहली पंसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

दीपावली पर्व पर अपने घर को आकर्षक बनाने के लिए हर व्यक्ति तैयारियों में लगा है। दुकानदारों ने भी ग्राहकों को लूभाने के लिए अलग-अलग तरह का सामान अपनी दुकानों पर सजा दिया है। खास बात यह है कि इस बार दीपावली पर्व पर रिमोट से चलने वाली स्वदेशी लड़ियां ग्राहकों की पहली पसंद बन रही हैं।

वहीं, बाजार में स्वदेशी एलइडी एसएमडी पाइप भी ग्राहकों को लूभा रहे हैं। हालांकि कीमती होने के कारण ये लड़ियां थोड़ी महंगी हैं। पर प्रोडक्ट बिल्कुल नया है। इनकी रोशनी इतनी है कि दूसरे के घर को भी रोशन करने के अलावा बरसात में भी इन लड़ियों को कोई नुक्सान होने की संभावना नहीं है।



### स्वदेशी लड़ियों से बिजली की खपत होगी कम

स्वदेशी लड़ियां विक्रेता रोहित बंसल ने बताया कि रिमोट से चलने वाली स्वदेशी लड़ियों के लगाने से घर में बिजली की खपत कम होगी। इसी वजह से दुकानों पर स्वदेशी रिमोट से चलने वाली एलइडी लड़ियों की डिमांड बढ़ रही है। मौके पर दुकान पर लड़ियां खरीदने पहुंचे महेश, संजय व विशाल ने बताया कि पहली बार उन्होंने रिमोट व एलइडी की लड़ियां खरीदी हैं और अपने दोस्तों व रिश्तेदारों को भी रिमोट से संचालित लड़ियां खरीदने की सलाह दे रहे हैं।

### रिमोट से चलेंगी लड़ियां

न्यू लाईट कंमन्यूकेशन के संचालक रविश व लक्ष्मी इलेक्ट्रोनिक्स के कुलदीप ने बताया कि इस बार दीपावली पर रिमोट से चलने वाली लड़ी व एसएमडी पाइप भी बिक्री के लिए बाजार में हैं और ग्राहक उन्हें काफी पसंद कर रहे हैं। रिमोट लड़ी में चार रंग आए हैं।

उन्होंने बताया कि लड़ियों की खासियत यह है कि इससे न तो ज्यादा बिजली की खपत होगी और न ही करंट का डर रहेगा। रिमोट लड़ी में 20 कलर और दो फंक्शन आए हैं। जिससे ग्राहक रिमोट के जरिए किसी प्रकार का कलर लगा सकता है। दुकानदारों ने बताया कि रिमोट लड़ी को ग्राहक 15 से 20 फुट की दूरी से ऑपरेट कर सकता है। एलइडी व रिमोट वाली लड़ी की इतनी लाइट्स है कि वह कम बिजली में भी दूसरे के घर को रोशन करेगी।

## विद्यार्थियों ने बनाए सुंदर तोरण

**यमुनानगर।** गांव सुढ़ैल स्थित न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में दीपावली पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण को रंग बिरंगी झालरों, दीयों, फूलों और सुंदर सजावटों से सजाया गया था। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने अपने हाथों से आकर्षक और रंगीन दीये सजाए, सुंदर शुभकामना कार्ड बनाए और घर की सजावट के लिए सुंदर तोरण तैयार किए। विद्यालय परिसर बच्चों की कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता से सजा हुआ नजर आ रहा था। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और परंपरांओं के प्रति सम्मान और जुड़ाव की भावना विकसित करना रहा। प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने कहा कि दीपावली केवल एक त्यौहार नहीं बल्कि यह प्रेम, एकता, सद्भाव और सकारात्मकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, टीम वर्क और भारतीय परंपराओं के प्रति गर्व की भावना को बढ़ावा देते हैं। बच्चों की उत्सुकता और रचनात्मकता देखकर मन प्रसन्न हो गया।




यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में आयोजित गतिविधियों में भाग लेते विद्यार्थी।

## प्रत्येक त्योहार का है अपना महत्व : शर्मा



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल लक्ष्मी गार्डन यमुनानगर में दीपावली के उपलक्ष्य में शनिवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने बहुत ही सुंदर.सुंदर रंगोली बनाकर सभी को हरित दीपावली मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का ने की। स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली के साथ साथ दीयों, कैंडल, लटकनए कैंडील व अन्य साजो.सामान का अवलोकन किया। उन्होंने सभी के प्रयासों की सराहना करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बच्चों ने रंगोली के माध्यम से जो हरित दीपावली मनाने का संदेश दिया हैए वह सराहनीय है। उन्होंने आम जनता से भी आह्वान किया कि वे भी अपने परिवार सहित पटाखा रहित दीपावली मनाएं तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग दें। स्कूल की प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का ने कहा कि स्कूल में इस तरह की प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं।

## भीतर के अंधकार को मिटाने का प्रतीक दीपावली

**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर में शनिवार को दीपावली के शुभ अवसर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं, सृजनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों ने दीया व मोमबत्ती बनाओ और रंग भरो गतिविधि में भाग लिया। छोटे-कक्षा तीन के विद्यार्थियों ने दीपावली पर रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कक्षा चार के विद्यार्थियों ने दीपावली विषय पर कविता पाठ किया। बच्चों ने स्वर लहरियों से दीपोत्सव की भावना को जीवंत कर दिया। कक्षा पांच और छह के विद्यार्थियों के लिए मिट्टी के दीये बनाने की गतिविधि आयोजित की गई। बच्चों ने मिट्टी से आकर्षक दीये बनाए और उन्हें रंगों से सजाया। कक्षा सात के विद्यार्थियों ने ग्रीन दीपावली हेतु वृक्षारोपणग किया।



यमुनानगर। होली मदर पब्लिक स्कूल में पौधरोपण करते हुए बच्चे।

## पर्ल किंडरगार्टन विंग स्कूल में धूमधाम से मनाया दीपावली पर्व

**रादौर।** रादौर के पर्ल किंडरगार्टन विंग स्कूल में दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय को बच्चों ने रंगोली, फूलों व दीपो से सजाया गया। मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। प्रिंसीपल स्वाति गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने आतिशबाजी व पटाके ना जलाने पर एक नाट्य मंचन करके सभी को पटाखे नहीं जलाने का संदेश दिया। वहीं, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को श्री राम के जीवन के बारे में जानकारी मिली। प्जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने एक छोटी सी नाटिका के माध्यम से श्री राम जी की अयोध्या आगमन पर नगर वासियों की खुशी को दिखाया गया। लक्ष्मी मां व गणपति की उपस्थिति अत्यंत मनोहर लग रही थी।



यमुनानगर। रादौर स्थित पर्ल किंडरगार्टन विंग स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

# रक्तदान करना मानवता का श्रेष्ठ कर्म

- सामुदायिक भवन भगवानपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

बाबा बंदा सिंह बहादुर फाउंडेशन ट्रस्ट लौहगढ़ के तत्वावधान में जिला रेडक्रास समिति यमुनानगर के सहयोग से सामुदायिक भवन भगवानपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपमंडल अधिकारी (ना) व्यासपुर ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। जिला रेडक्रास सचिव रणदीप सिंह ने मुख्यातिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। रेडक्रास सचिव रणदीप सिंह ने बताया कि शिविर में युवाओं तथा समाजसेवियों ने स्वेच्छा से अपना रक्त दान किया। इस अवसर पर चिक्तिसकों ने 49 यूनिट रक्त एकत्रित किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर में 15 युवाओं ने पहली बार अपना रक्तदान किया। इस दौरान शिविर में रेडक्रास सचिव रणदीप सिंह ने 52वीं बार, प्रोजेक्ट मैनेजर सुनीता शर्मा ने 16वीं बार, प्रोगाम अधिकारी शीशपाल पाल सोही ने 120वीं बार व अमनदीप नरवाल ने 40वीं बार रक्तदान किया। भगवानपुर गांव के सरपंच बलदेव सिंह ने अपने बेटे के साथ रक्तदान किया। मुख्यातिथि एवं एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा श्रेष्ठ कार्य है जो न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचाता है।



यमुनानगर। भगवानपुर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए मुख्यातिथि एवं एसडीएम जसपाल सिंह गिल।

## अंग्रेजी कहानी वाचन में भार्गवी ने पाया प्रथम स्थान

**रादौर।** डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर के विद्यार्थियों ने शहर में आयोजित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता बच्चों के स्कूल में पहुंचने पर प्रिंसीपल रमन कुमार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रिंसीपल रमन कुमार शर्मा ने बताया कि गत दिवस शहर में कक्षा तीसरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें उनके स्कूल की कक्षा तीसरी की छात्रा भार्गवी ने अंग्रेजी कहानी वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा दूसरी की छात्रा हेजPल ने कथा वाचन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया। इसी क्रम में कक्षा पांचवीं की अवनी पोपली ने अपनी प्रभावशाली आवाज व अभिव्यक्ति कौशल के दम पर स्टोरी टेलिंग में प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा सातवीं के आरव एवं सीरत ने हिंदी कविता प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



यमुनानगर। डीएवी स्कूल रादौर में विजेता बच्चों को सम्मानित करते प्रिंसीपल।

## दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में विभिन्न स्कूलों में हुआ प्रतियोगिताओं का आयोजन

# छात्रों ने रैली निकालकर प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर के विभिन्न स्कूलों में शनिवार को दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### मून स्टार प्री स्कूल में मनाया दीपावली पर्व

मून स्टार प्री स्कूल में शनिवार को रोशनी का त्यौहार दीपावली पर्व कार्यक्रम में विद्यार्थी बहुत सुंदर पोशाकें पहनकर विद्यालय में आए। विद्यार्थियों ने सजावट की वस्तुएं तैयार की व अपने विद्यालय को सजाया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रसमीन कौर ने विद्यार्थियों को भारत के सबसे बड़े धार्मिक त्योहार दीपावली की शुभकामनाएं दी। त्योहार से जुड़ी श्री रामचंद्र जी की कथाएं सुनाई व हमारे आदि ग्रंथ रामायण के बारे में भी बताया। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर रितु देवी ने भी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। सभी स्टाफ सदस्यों को भी गिफ्ट्स, मिठाइयां वितरित की व दीपावली के पावन त्यौहार की बधाई दी। इस अवसर पर नेहा, सिमरन, सोनिया, नीतू, शिवानी, अनु, मीनू, निशा, दीपिका, रानी, पुष्पा, सचिन व कृष्ण आदि मौजूद रहे।







यमुनानगर। मून स्टार प्री स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे व मुकंदलाल स्कूल रादौर में आयोजित रैली में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य।

*विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, विद्यालय को सजाया*

### प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का दिया संदेश

मुकंद लाल नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रदूषण मुक्त दिवाली का संदेश देने के लिए नुक्कड़ नाटक व रैली का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक व रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में पटाखों से होने वाले प्रदूषण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि दीपावली को दीयो, सजावट व पारिवारिक मेलजोल से ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा सकता है। इसके साथ साथ बच्चों को चौपाइयों के जरिए दीपावली के महत्व के बारे में बताया गया। विद्यालय में बच्चों को हाथों की सफाई के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को हाथ धोने का सही तरीका बताया और नियमित रूप से हाथ धोने की आदत डालने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एक्टिविटी इंचार्ज अध्यापिका डोली कंबोज, विल्सन कुमार, सचिन, पारुल, उर्वशी, वंदना, प्रियंका, योगिता, सलोनी, किरण, हिमानी व कशिता आदि मौजूद रही।

## जिलेभर के शिक्षण संस्थानों में हर्षोल्लास से मनाया दीपावली पर्व

# प्रदूषण रहित दिवाली मनाकर पर्यावरण को करें संरक्षित

### नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में दीवाली का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के विद्यार्थी परंपरागत वेशभूषा में विद्यालय आए। इस अवसर पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में अध्यापिका स्नेह ने विद्यार्थियों को दीवाली के त्यौहार के बारे में विस्तार से बताया। कक्षा तृतीय से पंचम के विद्यार्थियों के लिए कक्षा स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने सजावट के लिए सुंदर लैंप,लड़ी तथा दीए बनाए। विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा तथा स्टाफ के सभी सदस्यों एवं सभी विद्यार्थियों ने माता लक्ष्मी एवं माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके उनका पूजन किया।




#### प्लास्टिक बैग को कहें अलविदा

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने बताया कि इस दिवाली मिट्टी के दीयों का उपयोग करें,चमकदार प्लास्टिक बैग को अलविदा कहें और कपड़े के पाउच, जूट के बैग और रिसाइकल किए हुए कागज के उपहार बॉक्स को अपनाएँ। ये न केवल सुंदर दिखते हैं, बल्कि जागरूक जीवन की भावना के साथ भी पूरी तरह मेल खाते हैं। रंगोली बनाने के लिए केमिकल-आधारित पाउडर की बजाय, हल्दी, सूखे फूलों की पंखुड़ियाँ, चुकंदर पाउडर, कॉफी पाउडर, या दालें और अनाज का प्रयोग करें। इस दिवाली पारंपरिक पटाखों के बजाय कम शोर वाले या पर्यावरण-अनुकूल पटाखों का विकल्प चुनें। ये बुजुर्गों, शिशुओं और जानवरों पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों को कम करते हैं और साथ ही सभी को त्योहार का आनंद लेने का मौका भी देते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक विकास गाबा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका मंजीत, नीतू, सोनिया, रजनी, पायल, मोनिका, प्रियंका, सीमा, नैंसी, परमज्योति, हरिंदर, कल्पना, पूनम, रिहाना, आशा, स्मृति, अंजलि, कोमल, स्वाति, मधु, किरण, रेनू, गीता, रीमा, स्नेह, तिलेशा, अध्यापक महिपाल आर्य, जसमेर, किरणजीत, शक्ति प्रकाश सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### गीता स्कूल में मनाई प्रदूषण रहित दीपावली

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद् भागवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में अधिकारियों के द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती की चित्रवेदी पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पार्चन के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान ने सभी मुख्य अतिथियों का परिचय कराकर स्वागत किया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कक्षाओं की सजावट कर विद्यालय वातावरण पर्यावरण के मापदण्डों के अनुसार सुसज्जित किया। विद्यालय वास्तव में भगवान के आगमन पर खुशी के माहौल जैसा सुन्दर व सुसज्जित छात्रों द्वारा फूल पत्तियों तथा कागज के तोरणों के अनुसार किया गया है। .इस अवसर पर प्रख्यात शिक्षाविद् एवं विद्यालय के प्रबंधक विरेंद्र वालिया ने छात्रों और अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस दीपावली के अवसर परआपको खुशी का इजहार तो करना है इस प्रदूषण सेअपने अपने परिवार और समाज को बचाना भी है। पटाखे इस पर्व की गरिमा को देखते हुए बहुत ही हानिकारक हो रहे हैं ।इन सबसे हमें अपने को बचा कर रखना है। आप सब लोग अच्छे प्रकार से जानते हैं कि पटाखों से निकले हानिकारक तत्व जैसे सल्फर ऑक्साइड डाइऑक्साइड नाइट्रोजन डाइऑक्साइड तथा करने का तत्व निकलते हैं जिनसे प्रदूषण बढ़ता है और यह बच्चों बुजुर्गों तथा स्वास्थ्य संबंधी रोगियों के लिए बहुत ही हानिकारक है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्षअशोक रोशा, कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी तथा समिति सदस्य व छात्रावास पालक जंगबहादुर सिंगला पूरे समय उपस्थित रहे।



### सतलुज स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

शनिवार को सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के प्राचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन ने इसका शुभारम्भ सरस्वती और लक्ष्मी-गणेश के चरणों में दीप प्रज्जलवित करके किया। स्कूल में दीपावली के पर्व को मनाने में लिली हॉउस का विशेष योगदान रहा। इस हाउस के बच्चों द्वारा नृत्य, क्विज, भाषण, गणेश वंदना, राम स्तुति जैसे कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। बच्चों द्वारा गोवर्धन पूजा, भैया दूज आदि पर भी विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिसने सब का मन मोह लिया। सभी कार्यक्रम लिली हॉउस की इंचार्ज मैडम दिनेश की देखरेख में हुए। सभी ने इस कार्यक्रम का आनंद उठाया ' प्राचार्य घुम्मन ने अपने सम्बोधन में दीपावली का पर्व पर्यावरण की स्वच्छता एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मनाने का संदेश दिया और कहा की हम सभी को इस पर्व को प्रेम से मनाना चाहिए।



#### 280 विद्यार्थियों ने लिया भाग

मंच का संचालन सिमरत और रीशभजोत ने किया। इस अवसर पर कई प्रतियोगितायें भी आयोजित की गई जिसमें स्कूल के तीसरी से आठवीं के लगभग 280 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कैंडल और दीया सजावट प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी में मनसीरत कौर प्रथम, राघव द्वितीय, परी तृतीय, कक्षा चतुर्थ में काव्य प्रथम, टशन द्वितीय, तान्या तृतीय, मटकी सजावट पार्टियोगिता में कक्षा पाँचवी में परिधि प्रथम, आराध्य द्वितीय, एवेलीन तृतीय, कक्षा छठी में दिवजोत प्रथम, जीतेश द्वितीय, मन्नत तृतीय रही। रंगोंली प्रतियोगिता में अनुष्का ओर दीक्षा प्रथम, अनन्या ओर पलक द्वितीय, शगुन ओर रमन तृतीय, कक्षा आठवीं में संजना ओर खुशी प्रथम, मिलन ओर दिव्यानशी द्वितीय, चहक ओर वांशिका तृतीय घोषित किए गए। यह प्रतियोगिता आर्ट एवं क्राफ्ट की अध्यापिका लीना की देखरेख में सम्पन्न हुई। निर्णायक मंडल की भूमिका दीप्ति और अनु ने निभायी' इस अवसर पर स्कूल उपप्रधानाचार्य सतबीर सिंह, प्रबंधक मनोज भसीन, ममता, दीपिका, मेहंदी, पूजा, मोहीन्दर, रितिक तथा अन्य स्कूल स्टॉफ उपस्थित था।

### शिविर में 21 ने किया रक्तदान

**कुरुक्षेत्र।** दीपावली के उपलक्ष्य में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर प्राचार्या मोनिका भाटिया की अध्यक्षता में हुआ। राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा यह 562 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या मोनिका भारद्वाज ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान एक पुण्य का कार्य है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए।



रक्तदान शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्त किसी कारखाने में नहीं बनता। केवल एक स्वस्थ व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को रक्त का उपहार भेंट कर जीवन बचाने का पुण्य कार्य करता है। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि शिविर में मुख्य सिपाही संजीव कुमार राणा ने 50 वीं बार रक्तदान किया, मंजीत सिंह ने 60 वीं बार और सुशील कुमार ने अनेक बार रक्तदान किया है। रक्त कोष केंद्र प्रभारी डॉ. विनोद तंवर की अध्यक्षता में रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में इन्होने किया रक्तदान- संजीव कुमार, मंजीत सिंह, महेंद्र पाल, विकास, सुरजीत सिंह, अजायब सिंह, अरुण कुमार, करनजीत सिंह, गुरतेज कुमार, जितेन्द्र एलाबाधी, देवी चंद, सोहन लाल, विशाखा वर्मा, सुशील, नितीश सहित 21 ने रक्तदान किया।

### विद्यार्थियों ने रैंप वॉक, लोक नृत्य और गीतों से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

- संजय गांधी स्कूल में दिवाली मिलन उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया

संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा में दिवाली मिलन उत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। स्कूल के कोषाध्यक्ष और हरियाणा बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष सरदार जितेंद्र सिंह गिल अपनी पत्नी मंदीप कौर गिल के साथ इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल के प्रधान पवन गर्ग, सचिव रविंद्र बंसल, वरिष्ठ अधिवक्ता योधराज बंसल, माननीय सदस्य मंदीप तूर, राजपाल सैनी, आईजीएन कॉलेज के प्रधानाचार्य कुशल पाल और स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा, स्कूल की पूर्व छात्रा पूर्वा गर्ग भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



लाडवा। मंच पर उपस्थित प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा व अतिथि व अभिभावक।

#### रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

विद्यालय की सदस्य रेखा गर्ग, अग्रवाल सभा की माननीय अध्यक्ष वीना बंसल, सामाजिक कार्यकर्ता मनदीप कौर गिल, भाजपा महिला मंडल लाडवा की अध्यक्ष पूनम सैनी और डॉ. निशा सैनी ने रैंप वॉक कार्यक्रमों के लिए निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत विशिष्ट अतिथियों और निर्णायकों द्वारा दीप प्रज्वलन और छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद मनमोहक रैंप वॉक, हरियाणा और पंजाब के लोक नृत्य और एकल गीतों की प्रस्तुति हुई। छात्राओं ने कई स्टॉल लगाए और रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

#### सजे हुए दीयों की प्रदर्शनी लगाई

सजे हुए दीयों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। स्कूल की पूर्व छात्रा पूर्वा गर्ग, जो जेपी मॉर्गन में एक बहुत ही महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत हैं, ने स्कूल के विकास के लिए 11000 रुपए दान किए। छात्रों और स्टाफ के लिए एक विशेष लकी ड्रा निकाला गया, जिसमें कक्षा 9वीं (ए) के आदित्य को 3100 रुपये का प्रथम पुरस्कार, कक्षा 10वीं (सी) के तोषार को 2100 रुपये का द्वितीय पुरस्कार और कक्षा 9वीं (बी) की अंशिका को 1100 रुपये का तृतीय पुरस्कार मिला। निर्णायक मंडल ने सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी।

### लिटिल मिलेनियम स्कूल में मनाया त्योहार



**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम स्कूल में धनतेरस व दीपावली पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सभी नन्हे मुन्ने बच्चे भगवान श्रीराम, माता सीता, श्री हनुमान जी व लक्ष्मण के रूप में सजाकर विद्यालय प्रांगण से जय श्री राम, जय श्री राम की जयकारों के साथ पैदल ही शिव मंदिर सेक्टर 3 पहुंचे। बच्चों के साथ मुख्य अतिथि के रूप में दुष्यंत बक्शी, एमसी वार्ड 13 मार्केट प्रधान बिट्टू मित्तल, व आरडब्ल्यूए प्रधान रिंकू सैनी व मंदिर प्रधान जोगिंदर चौहान भी मंदिर पहुंचे। वहां पर बच्चे प्रभु श्री राम के चरणों में नतमस्तक होकर नमन किया वह प्रसाद ग्रहण किया यह त्यौहार व्यक्ति के जीवन में अंधेरे को दूर कर प्रकाश फहलाता है। हमें मर्यादा पुरुषोत्तम राम का अनुसरण करना चाहिए और सभी को ऋषि मुनियों के दिखाएं मार्ग पर चलकर राम-राम करते हुए इस जीवन रूपी यात्रा को सफल बनाना चाहिए। हम सभी वह बच्चों ने संकल्प लिया कि हम पटाखे नहीं चलाएंगे दीपो सगं दीपावली मनाएंगे। यह त्योहार दूसरों को खुशी देता है अगर हम पटाखे का प्रयोग करेंगे तो असंख्य जीव जंतु वह बहुत से श्वास रोगियों का जीवन कष्टदायक होगा। हमें दीपावली पर आतिशबाजी न करें यही लिटिल मिलेनियम का संदेश है।

### दीयों की जगमगाहट से आलोकित हो उठा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हर वर्ष की भांति इस बार भी उदयन केयर आई.टी. सेंटर, कुरुक्षेत्र में त्योहारों का विशेष आयोजन किया जा रहा है।

- उदयन केयर सेंटर के कंप्यूटर लर्निंग सेंटर ने दीवाली के उत्सव पर रंगोली व दिया सजावट कार्यक्रम का किया आयोजन

केंद्र में हमेशा की तरह इस वर्ष भी दीपावली पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में दीया सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संयोजिका डॉ. सुषमा शर्मा रहीं। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति और सृजनशीलता का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए सुंदर-सुंदर दीप सजाए। रंग-बिरंगे दीयों की जगमगाहट से पूरा केंद्र आलोकित हो उठा।



प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कला के माध्यम से दीपावली के पारंपरिक स्वरूप को सजीव कर दिया। प्रतियोगिता में साहिबा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, उमा मलिक ने द्वितीय स्थान और पारुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को डॉ. सुषमा शर्मा एवं डॉ. राम निवास द्वारा आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### सुरक्षित तरीके से मनाएं दिवाली : गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानव अधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि बच्चों को केवल पढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें संस्कार देना भी उतना ही आवश्यक है। शिक्षा के साथ-साथ जब बच्चों को अच्छे संस्कार दिए जाते हैं, तो वही उनके आचरण और विचारों में झलकते हैं। उन्होंने कहा कि एक देश का सच्चा और आदर्श नागरिक वही बन सकता है जिसके अंदर सहनशीलता, बड़ों का आदर करने की भावना और दूसरों के प्रति सम्मान का गुण हो। ऐसे संस्कार बचपन से ही दिए जाने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी न केवल शिक्षित हो बल्कि संस्कारित और जिम्मेदार नागरिक भी बने।एडवोकेट अंकित गुप्ता ने अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ संस्कारों को भी प्राथमिकता दें, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। उन्होंने दिवाली पर्व को लेकर भी लोगों से विशेष अपील की कि पटाखों के अधिक प्रयोग से वायु और ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है, जो पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है। इसलिए इस बार सभी लोग ग्रीन पटाखों का ही प्रयोग करें और दिवाली को पर्यावरण हितैषी और सुरक्षित तरीके से मनाएं।



अंकित गुप्ता।

### दिलों के भेद मिटाता दीपों का पर्व : कटारिया

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।

दीपावली पर्व भारतीय सनानन परंपरा का विशेष त्योहार है, जो लोगों के दिलों के भेद भी मिटाता है।

- मीडिया वेल्फेयर क्लब ने दीवाली उत्सव कार्यक्रम आयोजित

यह पर्व आपसी भाईचारे का कायम रखने व खुशियां मनाने का त्योहार है। यह शब्द सामाजिक अधिकारिता न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के पूर्व सदस्य सूरजभान कटारिया ने कहे। वे कुरुक्षेत्र पैनारमा विज्ञान केंद्र के सभागार में मीडिया वेल्फेयर क्लब व कुरुक्षेत्र पैनारमा विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित दिवाली उत्सव 2025 एवं प्रेस मिलन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर सुभाष गर्ग ने की।




#### अतिथियों का किया स्वागत

आम आदमी पार्टी के लीगल सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर लाल गोयल, सांसद नवीन जिंदल के प्रतिनिधि सेवानिवृत आईएएस धर्मबीर सिंह, कुरुक्षेत्र पैनोरमा विज्ञान केंद्र के कोर्डिनेटर सुरेश सोनी, वरिष्ठ समाजसेवी परीक्षित मदान व आढती एसोसिएशन के जिला महामंत्री धर्मपाल मथाना ने विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। यहां पहुंचने पर मीडिया वेल्फेयर क्लब के प्रधान बाबूराम तूषार के नेतृत्व में पत्रकारों ने अतिथियों का स्वागत किया।

**सुरक्षा** आदेशों की पालना नहीं करने पर की जाएगी कार्रवाई

# दीपावली के त्योहार पर रात 8 से 10 बजे तक ही आतिशबाजी की अनुमति : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिलाधीश एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि दिपावली के त्योहर पर आतिशबाजी को लेकर हिदायतें जारी की हैं। जिला में केवल ग्रीन पटाखे रात को 8 बजे से 10 बजे तक ही फोड़ने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुझाव पर सरकार से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू की जाती है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुझाव पर सरकार से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163, विस्फोटक अधिनियम 1884 और विस्फोटक नियमों को लागू किया जाता है। जिला कुरुक्षेत्र की सीमाओं के भीतर आतिशबाजी में बेरियम लवण के प्रतिबंध के अलावा, ग्रीन क्रैकर्स को छोड़कर, संयुक्त पटाखों (श्रृंखला पटाखे या लारी), सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, फोडऩे और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाता है। ये आदेश निगम कुरुक्षेत्र, सभी एसओबी डिविजनल मजिस्ट्रेट, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीडीपीओ, डीएसपी को भेजे जाते हैं।

#### अधिकारियों को छापेमारी के निर्देश

उपायुक्त ने कहा कि नगर पालिकाओं के कार्यकारी सचिव, सभी पुलिस थानों के प्रभारी, अग्निशमन अधिकारी, कुरुक्षेत्र और अग्निशमन कार्यालय के अन्य कर्मचारी इस आदेश का पालन करेंगे। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे इस आदेश का पालन कराने के लिए छापेमारी करें और प्रतिदिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सर्दियों के दौरान अक्टूबर से जनवरी के महीनों में वायु प्रदूषण, विशेष रूप से पार्टिकुलेट मैटर्स (पीएम) बढ़ जाता है। पीएम 2.5 और पीएम 10 के उच्च स्तर के संबंध में एक गंभीर स्वास्थ्य चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि उच्च वायु प्रदूषण गंभीर पर्यावरणीय जोखिम पैदा करता है। इसका लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस दौरान बच्चों, बुजुर्गों, श्वसन और हृदय रोग से ग्रस्त लोगों का ज्यादा ध्यान रखना होता है। जिलाधीश ने कहा कि इस आदेश का अनुपालन न करने या उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 163, विस्फोटक अधिनियम 1884 और विस्फोटक नियम 2008 की प्रासंगिक धाराओं के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



#### हरित पटाखों के लिए स्थापित किए जाएंगे अस्थायी बूथ

*हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि दीपावली के शुभ अवसर पर हरित पटाखों के लिए अस्थायी बूथ या दुकान को स्थापित किया जाएगा। इन बूथों को अजव्लनशील सामग्री से तैयार किया जाए। स्टॉलों पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना ना हो, इसके लिए सावधानियों को बरता जाए। उन्होंने कहा कि शैड एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर और सुरक्षित कार्य से पचास मीटर की दूरी पर हों। शैड एक दूसरे के आमने सामने नहीं होगें। उन्होंने कहा कि शैड विद्युत बत्तियों के उपयोग की जाती है दीवार पर या छत पर फिक्स किए जाएंगे। प्रत्येक दुकान के स्विचों को दीवारों पर दृढ रूप से फिकस किया जाएगा। प्रत्यके दुकान के इलेक्ट्रिक स्विचों को एक मुख्य कंट्रोल स्विच के साथ जोडने की व्यवस्था की जाए, जिससे कि आपात स्थिति में / दुर्घटना की स्थिति में मुख्य कंट्रोल स्विच को बंद करने पर उस जगह में स्थित सभी दुकानों की लाइन तुरन्त बंद हो एंव दुर्घटना को रोका जा सके। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि पटाखों के स्टाल से बिजली की खुली तार और जोड कम से कम 10 फुट की ऊंचाई पर हो। स्टॉल के पास दुर्घटना, आग से बचाव के लिए रेत, पानी की बाल्टी, आग बुझाने वाला केमिकल (डी.सी.पी.) को रखना अनिवार्य है। इसके साथ ही स्टॉल पर 5 किलोग्राम के अग्निशमक यंत्र को रखा जाए। उन्होंने कहा कि अस्थायी दुकानों में केवल ग्रीन पटाखे या आतिशबाजी ही विक्रय करने के लिए अनुमति प्रदान की जाएगी। ग्रीन पटाखों के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार की पटाखे या आतिशबाजी को बेचने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बैरियम साल्ट से तैयार आतिशबाजी, पटाखे को अस्थाई दुकानों में विक्रय करने की अनुमति दी जागी। अस्पतालों, शिक्षा संस्थानों, न्यायालयों और धार्मिक स्थानों के आसपास 100 मीटर के क्षेत्र से दूर हरित आतिशबाजी का उपयोग करना सुनिश्चित किया जाए।*



### पत्रकार देश का चौथा स्तंभ : उमेश गोयल

**पिहोवा।** पिहोवा प्रेस क्लब द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन हरियाणा मिल्क फूड्स परिसर में बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एम.डी. उमेश गोयल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी कृष्ण अवतार अमेरिका वाले ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि उमेश गोयल व वशिष्ट अतिथि कृष्ण अवतार ने सभी गणमान्य व्यक्तियों व पत्रकारों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं व समाज में पत्रकारों की भूमिका की जमकर सराहना की। इस अवसर पर क्लब के सभी पत्रकारों को 10 लाख रुपए की हेल्थ पॉलिसी वितरित की व पहचान पत्र प्रदान किए गए। समाजसेवी उमेश गोयल ने कहा कि पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है। जो समाज सेवा के क्षेत्र में प्रशासन के आईने का काम करता है। पकल्ब द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह जैसे कार्यक्रम आगे भी ऐसे ही सुचारू रूप से होने चाहिए ताकि अपनी भाईचारा कायम रहे। इस मौके पर सुभाष गुप्ता, नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणी,डा. सुदर्शन चुघ, राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान सतीश सैनी, युधिष्ठिर बहल, वरिष्ठ अधिवक्ता शिव दर्शन मुरार आदि मौजूद रहे।

# छोटी दिवाली, नरक चतुर्दशी, यम दीया आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नरक चतुर्दशी केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह आध्यात्मिक शुद्धि और आंतरिक प्रकाश का प्रतीक है। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने अधर्म पर विजय प्राप्त की, वैसे ही हमें भी अपने भीतर के अंधकार को मिटाकर सद्गुणों और प्रकाश से जीवन को आलोकित करना चाहिए। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक डॉ रामराज कौशिक ने बताया कि कार्तिक मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को छोटी दीवाली का त्योहार मनाया जाएगा। दीवाली के एक दिन पहले होने की वजह से इसे छोटी दीवाली कहा जाता है। इस बार रविवार, 19 अक्टूबर को यह त्योहार मनाया जाएगा। इस दिन लोग अकाल मृत्यु से मुक्ति पाने के लिए यम के नाम का दीपक जलाते हैं। आज के दिन हनुमान जी की पूजा का भी विशेष महत्व होता है।



रामराज कौशिक

#### शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, नरक चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 19 अक्टूबर 2025, रविवार को दोपहर 1 बजकर 51 मिनट से लेकर अगले दिन 20 अक्टूबर 2025, सोमवार को दोपहर 03 बजकर 44 मिनट पर समाप्त होगी। इस दिन अभ्यंग स्नान का शुभ समय सुबह 4 बजकर 56 मिनट से लेकर 6 बजकर 08 मिनट तक रहेगा। इस दिन दीपदान करने से व्यक्ति को नरक के कष्टों से मुक्ति मिलती है।

#### यम का दीया जलाने का शुभ मुहूर्त

छोटी दिवाली पर यम का दीया जलाने का मुहूर्त शाम को 5 बजकर 47 मिनट से लेकर शाम 07:04 तक है। सूर्यास्त के बाद प्रदोष का शुरू हो जाएगा तो आप उसके बाद से यम का दीपक जलाएं।

## खबर संक्षेप

### अवैध बोतल देसी शराब सहित आरोपित दबोचा

**अंबाला।** थाना शहजादपुर के टी-प्वाइंट के पास से शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी धर्मपाल को 11 बोतल देसी शराब सहित काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी धर्मपाल शराब बेचने का कार्य करता है। इसी आधार पर रेड कर पुलिस ने आरोपी को काबू किया है।

### चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी वीरेंद्र सिंह, अजय कुमार व राजिंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। बड़ी रसौर के गुरदित्त सिंह ने 22 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव डेरा में स्थित उसकी दुकान का शटर तोड़कर नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के आरोपित से तीन एक्टिवा बरामद

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी साहिल व रेसत अली को गिरफ्तार किया है। इसके अतिरिक्त चोरी के अन्य मामलों में भी आरोपियों से तीन एक्टिवा बरामद की गई है। जोगीवाड़ा के दीपक कुमार ने 11 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 अक्तूबर 2025 को सब्जी मंडी के पास से आरोपी ने उसकी एक्टिवा चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी जोनी उर्फ बाबा को गिरफ्तार किया है। महावीर नगर के शशि कुमार ने 29 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 अप्रैल 2025 को महावीर नगर से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी के मामले दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी सुलखन सिंह व एक महिला को गिरफ्तार किया है। फतेहगढ़ गांव के रहने वाले गुरमीत सिंह ने 23 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 11 अगस्त 2023 से 20 दिसंबर 2023 के दौरान आरोपी सुलखन सिंह, महिला तथा अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया दिवाली महोत्सव

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में दीवाली महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन वाणिज्य विभाग की संयोजक डॉ. रितु चांदना, बिन्नी पाहवा एवं एनएसएस प्रभारी डॉ. पूजा बैरागी ने किया। दीया सजावट, रंगोली प्रतियोगिता, पारंपरिक वेशभूषा वॉक और ग्रीन दीवाली शपथ जैसे कार्यक्रम हुए।

## दो व चार पहिया वाहनों की भी धनतेरस पर जमकर हुई खरीदारी

# ग्राहकों से पूरा दिन गुलजार रहे बाजार, करोड़ों रुपये का कारोबार

**सोने-चांदी के भाव में रोज बदलाव से कारोबारी दिखे परेशान, उम्मीद से कम हुआ कारोबार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

धनतेरस पर शनिवार को बाजार खूब गुलजार रहे। ग्राहकों ने सोने-चांदी के गहनों से लेकर चांदी के बर्तन व दो व चार पहिया वाहन खरीदने में खूब दिलचस्पी दिखाई। देर शाम तक बाजारों में खूब भीड़ रही। यही नहीं स्टील के साथ ही पीतल और तांबे के बर्तनों की मांग भी ज्यादा रही। खासकर गृहणियों ने धनतेरस पर बर्तनों की जमकर खरीदारी की। सर्राफा बाजार में भी लोग सोने सहित चांदी के आभूषणों खरीदते नजर आए। धनतेरस पर इस बार बाजार में नए डिजाइन के बर्तन आए हैं। इनमें स्टील के साथ पीतल, तांबे और मिश्रित धातुओं के बर्तन शामिल हैं जो कि गृहणियों को काफी भा रहे हैं। स्टील की चमक के साथ ही एंटीक डिजाइन में रंगों का प्रयोग इन बर्तनों को आकर्षक बना रहा है। इसमें लोटा, बाल्टी, गिलास, प्लेट, कटोरी, चम्मच, कड़ाही, भगोना, हांडी और डिनर सेट शामिल हैं। कुछ महिलाएं परात और थालियां भी खरीदती नजर आई। बर्तन व्यापारी राजेश कुमार ने बताया कि धनतेरस को लेकर नए डिजाइन के कई बर्तन आए हैं जो कि ग्राहकों को काफी लुभा रहे हैं। इसमें गिलास से लेकर कटोरी, चम्मच, थालियां, हांडी आदि शामिल हैं। इनके रेट 100 रुपये से शुरु हैं जो कि तीन हजार रुपये तक अलग-अलग डिजाइन में बिक रहे हैं। ऐसे में नए सामान को सजाया गया है जो कि ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है। बर्तन व्यापारी सुभाष गोयल ने बताया कि धनतेरस को लेकर इस बार बाजार ग्राहकों से सराबोर है। लोग स्टील सहित तांबे व पीतल के बर्तन खरीद रहे हैं। इसके अलावा नॉन-स्टिक आइटम भी ग्राहकों को काफी पसंद आ रहे हैं। इनमें कड़ाई, तवा और अन्य बर्तन शामिल हैं। इसके अलावा प्रेशर कुकर और अन्य सामान भी लोग खरीद रहे हैं।

**धनतेरस को लेकर नए डिजाइन के कई बर्तन आए हैं जो कि ग्राहकों को काफी लुभा रहे**



**अंबाला।** धनतेरस पर खरीदारी करती महिलाएं। *फोटो: हरिभूमि*



### वाहनों की जमकर हुई खरीद

धनतेरस पर शनिवार को दो व चारपहिया की भी खूब खरीदारी हुई। हालांकि खरीद का कोई पुख्ता आंकड़ा तो नहीं है लेकिन जीएसटी की दरों में गिरावट का लोगों ने खूब फायदा उठाया। बलदेव नगर के नील कुमार ने बताया कि उन्होंने इस बार धनतेरस पर एक्टिवा खरीदी है। उन्होंने बताया कि एक्टिवा का बिल पहले बनवा लिया लेकिन डिलीवरी शनिवार को धनतेरस पर ही ली। इसी तरह रवि कुमार ने बताया कि लंबे समय बाद उनका कार खरीदने का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने बताया कि इस धनतेरस पर परिवार में चारपहिया वाहन का आगजन हुआ है। इसी तरह देर शाम तक ज्यादातर दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ नजर आई।

### उम्मीद से कम कारोबार

*सर्राफा व्यापारी रविंद्र ने बताया कि सोने व चांदी के रोजाना रेट बढ़ रहे हैं। ऐसे में काम प्रभावित हो रहा है। लेकिन धनतेरस पर उम्मीद से कम कारोबार हुआ है। लोग ग्राहक अंगूठी, कड़ा और सोने की चेन आदि पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा ग्राहकों के बताए डिजाइन भी तैयार किए जा रहे हैं।*



**अंबाला।** प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र शिक्षकों के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

**निबंध लेखन में भी दिखाया हुनर**

## विश्व सांख्यिक दिवस पर छात्रों ने बनाए खूबसूरत पोस्टर

- डीएवी कॉलेज में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज में ऐशे द्वारा "विश्व सांख्यिकी दिवस" के अवसर पर निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय "सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण सांख्यिकी और डेटा" रहा। इसका उद्देश्य दैनिक जीवन में सांख्यिकी के महत्व और उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन एवं उप प्राचार्य डॉ आरएस परमार ने किया। प्रोफ़ेसर महाजन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और प्रतिभा उभर कर आती है। कार्यक्रम की संयोजिका एवं नोडल अधिकारी डॉ. शालू गुप्ता ने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रोफेसर मोनिका शर्मा, डॉ. सुखदेव सिंह, डॉ. सुभाष शर्मा एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में डॉ. दर्शन लाल, डॉ. जसमेर सिंह एवं डॉ. मधु गोयल ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

### ये रहे मौजूद

निबंध लेखन में प्रथम पुरस्कार रुशा चटर्जी, द्वितीय पुरस्कार प्रतिष्ठा, तृतीय पुरस्कार अतिशय को मिला जबकि सांत्वना पुरस्कार दीया को दिया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सपना, द्वितीय पुरस्कार महक, तृतीय पुरस्कार यशिका शर्मा और सांत्वना पुरस्कार निपुण को दिया गया। सभी को नकद राशि ईनाम में दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर अंजलि, प्रोफेसर आंचल, प्रोफेसर अमनिंदर, डॉ.प्रशु ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में डॉ शालू गुप्ता ने विजेताओं को बधाई दी। इस कार्यक्रम में डॉ.रेखा शर्मा, डॉ. शांत कौशिक, डॉ. खुशबू मल्होत्रा, प्रोफेसर मीणा, प्रोफेसर अनिल और अन्य सहकर्मी उपस्थित रहे।

## छात्रों ने दिखाई व्यवसायिक दक्षता

- खाद्य सामग्री के स्टाल लगाकर परोसे स्वादिष्ट व्यंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

छावनी के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा दीवाली मेले का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. (डॉ.) देस राज बाजवा के प्रेरणादायी संदेश से हुआ। प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में व्यवसायिक दक्षताओं का विकास करते हैं जिससे उनमें उद्धमिता का विकास होता है I उन्होंने स्टार्टअप प्रारंभ करने हेतु अपेक्षित अनुभव के लिए भी इस कार्यक्रम को प्रभावी बताया।



**अंबाला।** स्टालों पर खाद्य सामग्री स्वाद चखते प्राचार्य व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### 200 विद्यार्थियों ने लिया भाग

इस मेले में वाणिज्य तथा प्रबंधन विभाग के कुल 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मेले में महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने रूचि दिखाई। स्टॉल लगाने वाले विद्यार्थियों ने इस मेले के माध्यम से व्यवसायिक तथा प्रबंधन दक्षताओं में निपुणता प्राप्त की। इस कार्यक्रम के आयोजन में वाणिज्य विभाग के सभी स्टाफ सदस्यों का विशेष योगदान रहा। विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमील कुमार ने सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दीं।

## दीवाली उत्सव पर छात्रों ने बनाई सुंदर झालरें

- डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक सार्वजनिक स्कूल में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक सार्वजनिक विद्यालय में पर्यावरण क्लब द्वारा "हरित दीपावली उत्सव" बड़े ही हर्षोल्लास, सृजनात्मकता और पर्यावरणीय चेतना के साथ संपन्न किए गए। विद्यालय का वातावरण रंग, सादगी और उल्लास से सराबोर था। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति और कलात्मकता के माध्यम से एक हरित, स्वच्छ और प्रदूषण-मुक्त दीपावली का सजीव चित्र प्रस्तुत किया। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा चौथी तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने सुंदर झालरें, बंधनवार, दीप सजावट और आकर्षक हस्तनिर्मित कलाकृतियां बनाकर आने वाली दीपावली के प्रति अपना उत्साह प्रकट किया। उन्होंने रंगीन कागज़, सूखे फूलों, पत्तियों, जूट के धागों और अन्य प्राकृतिक सामग्री का उपयोग कर सादगी और सौंदर्य का अद्भुत संगम रचा। कक्षा पांचवीं से आठवीं के विद्यार्थियों ने "प्राकृतिक प्रकाश – प्रदूषण रहित दीपोत्सव" विषय पर दीया एवं मोमबत्ती सजावट प्रतियोगिता में भाग लिया।






**अंबाला।** दीवाली पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले छात्र व रंगोली बनाती छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

### विद्यार्थियों में उत्साह

पर्यावरण क्लब की प्रभारी कुमारी भावना ने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थियों का उत्साह और उनकी हरित सोच वास्तव में प्रेरणादायक थी। उन्होंने अपने कार्यों से यह संदेश दिया कि सच्ची खुशी प्रकृति के संग ही संभव है। विद्यालय परिवार ने इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी को यह प्रेरणा दी कि दीपावली का वास्तविक प्रकाश वही है जो प्रकृति और मनुष्य दोनों को आलोकित करे।

## ग्रीन दिवाली क्लीन दीवाली मनाए जाने पर दिया जोर




**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) इकाई की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश पराशर ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी डॉ. बलवंत सिंह ने किया। डॉ. बलवंत सिंह ने बताया कि एनएसएस विद्यार्थियों में समाज और राष्ट्र के प्रति सेवा, सहयोग और सामूहिक प्रेम की भावना विकसित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को ग्रीन दीवाली-क्लीन दीवाली, पटाखे रहित दीपावली, प्लास्टिक फ्री भारत और स्वच्छता अभियान के महत्व के बारे में जागरूक किया।

## पर्यावरण अनुकूल दिवाली मनाएं

- उत्साह के साथ मनाया गया प्रदूषण मुक्त दीवाली उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में यूजीसी के निर्देशानुसार स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत प्रदूषण मुक्त दीवाली उत्सव बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छ, हरित और पर्यावरण अनुकूल दिवाली मनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर कॉलेज के सभी अध्यापकगण और कर्मचारीगण ने स्क्रैप मटेरियल, ई-वेस्ट तथा पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं के सदुपयोग पर बल दिया।



**बराड़ा।** प्रदूषण मुक्त दीवाली पर्व मनाते हुए स्टाफ और स्टूडेंटस। *फोटो: हरिभूमि*

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश सांगवान, अदिति सांगवान एवं शगुन सांगवान उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने आओ हरियाली फैलाएं, पटाखे नहीं जलाएं, स्वच्छ हवा-सबका अधिकार और दीयों की रोशनी से जगमगाए संसार जैसे आकर्षक स्लोगनों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## महिलाएं अपने आहार में गुड़-चने को अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

गांव जटवाड़ में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विनीत सूद के मार्गदर्शन में पोषण माह और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं प्रोग्राम आयोजित किया गया। सर्कल सुपरवाइजर अरविंद्र कौर द्वारा पोषण अभियान के तहत अपने रोजाना के खानपान बारे बताया गया तथा अपने भोजन में मोटे अनाज को शामिल करने बारे लोगों को प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि गुड व चना को अपने खाने में जरूर शामिल करे। बच्चों को बाहर की वस्तुएं खाने में न दें और बाहर की चीजें जैसे जंक फूड खाने से सेहत खराब होती है। महिलाओं और किशोरी लड़कियों में होने वाले एनीमिया के बारे में जानकारी दी गई। इसकी रोकथाम के लिए हरि सब्जियां अपने भोजन में अवश्य शामिल करें।

**जंक फूड खाने से खराब होती है। सेहत**



महिलाएं अपने आहार में गुड़-चना करें शामिल *फोटो: हरिभूमि*

## सर्वसम्मति से ताजपोशी, सीएम नायब व पूर्व राज्यमंत्री असीम समेत कई नेताओं ने दी बधाई

# जिला परिषद के चेयरमैन मक्खन सिंह लबाना ने ली पद-गोपनीयता की शपथ

**24 सितंबर को सर्वसम्मति से जिला परिषद का चेयरमैन चुना गया था।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला परिषद के नए चेयरमैन मक्खन सिंह लबाना ने शनिवार को एडीसी कार्यालय में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली है। 24 सितंबर को उन्हें सर्वसम्मति से जिला परिषद का चेयरमैन चुना गया था। अब अधिकारिक तौर पर उन्हें पदभार सौंपा गया है। बता दें कि, जिला परिषद में कुल 15 वार्ड हैं, जिनमें से 8 सदस्य भाजपा समर्थित, 4 कांग्रेस के और 3 बसपा के हैं। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि चेयरमैन पद के लिए मतदान हो सकता है, लेकिन बाद में सभी सदस्यों ने भाजपा हाईकमान के निर्णय का सम्मान करते हुए सर्वसम्मति से मक्खन सिंह लबाना के नाम पर मोहर लगा दी।



**अंबाला।** चेयरमैन मक्खन सिंह लबाना को बधाई देते पूर्व मंत्री असीम व अन्य।

### धनतेरस का मतलब सुख-समृद्धि

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने इस अवसर पर जिला परिषद के अध्यक्ष मक्खन सिंह लबाना को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धनतेरस के अवसर पर मक्खन सिंह ने पदभार ग्रहण किया है। धनतेरस का मतलब सुख-समृद्धि है, जिसका पुराणों में भी वर्णन है। उन्होंने कहा कि मक्खन सिंह लबाना समाजसेवी के नाम से भी जाने जाते हैं। निसंदेह इनके पदभार ग्रहण करने से जिला परिषद के अंतर्गत आने वाले विकास कार्यों में तेजी आएगी। विकास के नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि जिला परिषद अध्यक्ष ने बीते रोज भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व उनके साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें प्रधान बनने पर बधाई दी है। इस अवसर पर जिला परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मक्खन सिंह लबाना ने जिला परिषद का अध्यक्ष बनाए जाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा के साथ-साथ पूरी भाजपा की टीम व संगठन का दिल की गहराईयों से उनका धन्यवाद किया है।

## शहजादपुरः एनसीसी कैडेट्स ने फायरिंग प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

- हरियाणा बटालियन कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में चल रही फायरिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटस ने फायरिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. रोहित ने बताया कि महाविद्यालय एनसीसी यूनिट के कैडेट गेविन सिंह एवं कैडेट रिया ने कर्नल समित नवानी 2 हरियाणा बटालियन अंबाला कैंट के दिशा-निर्देशन से 10 हरियाणा बटालियन कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में चल रही फायरिंग प्रतियोगिता में हवलदार बिजेंद्र सिंह के साथ महाविद्यालय की तरफ से हिस्सा लिया।



**शहजादपुर।** फायरिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेते छात्र। *फोटो: हरिभूमि*

### आत्मविश्वास में बढ़ावा

इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों में देश के प्रति समर्पण की भावना को उजागर करती है, इसके साथ साथ एनसीसी कैडेट्स में आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं।